वर्ष- 2 , अंक- 339

छपरा

23 अक्टूबर गुरूवार 2025





# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com E-Paper website : www.dainikkhojkhabar.live


## बेंगलुरु की खस्ताहाल सड़कें, चिदंबरम बोले- दिक्कत पैसों की नहीं

काम की निगरानी की जाए; किरण शॉ ने कहा था- मैं 10 सड़कें बनवा दूंगी



**बेंगलुरू,एजेंसी।** बेंगलुरु की खस्ताहाल सड़कों पर बायोकॉन चेयरपर्सन किरण मजूमदार शॉ के ऑफर का कांग्रेस सांसद पी चिदंबरम ने स्वागत किया है। चिदंबरम ने कहा, दिक्कत पैसों की नहीं, बल्कि काम के सही तरीके से न होने की है। सरकार को काम के ठेके के अलावा काम की निगरानी के लिए भी किसी कंपनी को ठेका देना चाहिए।

दरअसल किरण शॉ ने 19 अक्टूबर को कहा था, बेंगलुरु का इंफ्रास्ट्रक्चर लगातार बिगड़ता जा रहा है। अगर सरकार सड़कों की मरम्मत नहीं कर सकती, तो मैं खुद 10 सड़कें बनवा दूंगी।

इस पर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को बेंगलुरू में एक जनसभा में कहा था कि जिन लोगों ने यहां कारोबार शुरू किया है, वे आगे बढ़े हैं। बड़ा होने के बाद, वे भूल गए हैं कि वे किस स्तर से आगे बढ़े हैं।

### लेह एपेक्स बॉडी-कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस की केंद्र सरकार के साथ बैठक, हिंसा के बाद पहली मुलाकात



**नई दिल्ली,एजेंसी।** लद्दाख में बीते दिनों हुई हिंसा के बाद पहली बार बुधवार को लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस की केंद्र सरकार के साथ बैठक हुई। बीती 24 सितंबर को हुई हिंसा के बाद दोनों पक्षों में गतिरोध बना हुआ था। बैठक में लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के तीन-तीन प्रतिनिधि बैठक में शामिल हुए। बैठक में लद्दाख के सांसद मोहम्मद हनीफा जान और उनके वकील भी शामिल हुए। बातचीत का मुख्य एजेंडा लद्दाख को राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक सुरक्षा की मांग रही।

## अमेरिका जा रहा एअर इंडिया विमान रास्ते से मुंबई लौटा

*3 घंटे बाद पायलट को खराबी का शक हुआ, दोनों तरफ की उड़ानें रद्द*

**मुंबई,एजेंसी।** मुंबई से अमेरिका के नेवार्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट,ह्र-191 को उड़ान के 3 घंटे बाद तकनीकी खराबी के बाद वापस लौटना पड़ा। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि यह खराबी क्या थी।

फ्लाइट रडार-24 के मुताबिक विमान ने मुंबई एयरपोर्ट से देर रात 1:15 बजे उड़ान भरी थी। करीब तीन घंटे बाद क्रू को खराबी की आशंका हुई। इसके बाद इसे मुंबई लैंड कराने का फैसला लिया गया। लैंडिंग के बाद विमान को जांच के लिए सर्विस से बाहर कर दिया गया।

महागठबंधन में सीटों पर तनातनी बढ़ी

## लालू-तेजस्वी से मिले अशोक गहलोत; कहा- ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी, सब साफ हो जाएगा



**पटना,एजेंसी।** बिहार चुनाव से पहले महागठबंधन में कांग्रेस और RJD के बीच सीटों और साझा घोषणा पत्र को लेकर खींचतान बढ़ गई है। मामला सुलझाने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने अशोक गहलोत को पटना भेजा है।गहलोत बुधवार सुबह पटना पहुंचे। उन्होंने RJD प्रमुख तेजस्वी यादव और लालू यादव से उनके आवास पर एक घंटे मुलाकात की। गहलोत ने कहा, हमारी लालू जी और तेजस्वी यादव से अच्छी बातचीत हुई है। कल एक प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी और सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा।

### तेजस्वी के 3 चुनावी घोषणाएं

तेजस्वी ने सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस की। गठबंधन पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा- गठबंधन पर कल बात करेंगे। 12 सीटों पर महागठबंधन के दल एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने चुनावी ऐलान भी किए।

**पहला-** सीएम जीविका दीदियों को सरकारी कर्मचारी दर्जा दिया जाएगा। इनकी सैलरी 10 हजार से बढ़ाकर 30 हजार रुपए महीने की जाएगी।

**दूसरा-** सभी संविदा कर्मियों को स्थायी किया जाएगा।

**तीसरा-** हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

पप्पू यादव बोले- राहुल गांधी के चेहरे पर लड़ेंगे तो जीतेंगे

महागठबंधन में अब ष्टरूफेस को लेकर खींचतान जारी है। पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा, बिहार की जनता राहुल गांधी के चेहरे पर चुनाव लड़ना चाहती है। राहुल गांधी के चेहरे पर चुनाव लड़ेंगे तो हम INDIA गठबंधन की सरकार बना पाएंगे।

## बिहार में चुनाव एलान के बाद 71.32 करोड़ से अधिक की जब्ती, पाबंदी के बावजूद पकड़ी जा रही शराब

**पटना,एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद से अब तक प्रवर्तन एजेंसियों ने नकदी, मादक पदार्थ, शराब और कीमती धातुओं सहित कुल 71.32 करोड़ रुपये से अधिक की वस्तुएं जब्त की हैं। चुनाव आयोग ने मंगलवार को जानकारी दी कि 6 अक्तूबर को चुनाव कार्यक्रम घोषित किए जाने के बाद से अब तक बहु-एजेंसी समन्वय के तहत विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में संयुक्त कार्रवाई की गई है। बता दें कि बिहार में 2016 से शराबबंदी लागू है, जब राज्य सरकार ने शराब की बिक्री और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था। इसके बावजूद, चुनाव के दौरान भारी मात्रा में शराब की बरामदगी हुई है।



## केरल में राष्ट्रपति मुर्मू का हेलिकॉप्टर गड्ढे में फंसा पुलिस, फायर स्टाफ ने धक्का मारकर निकाला

### प्रेसिडेंट सबरीमाला मंदिर में दर्शन करने जा रही थीं

**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** केरल पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हेलिकॉप्टर बुधवार को उतरने के बाद गड्ढे में फंस गया। मौके पर मौजूद पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने भारतीय वायुसेना के स्ढ्ढ-17 हेलीकॉप्टर को धक्का देकर गड्ढे से निकाला। प्रेसिडेंट सबरीमाला मंदिर में दर्शन करने जा रही थीं।

यह घटना केरल के पथानामथिट्टा स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में हुई। यहां हेलीपैड जल्दबाजी में बनाया गया था। घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों ने कहा, कन्क्रीट पूरी तरह से जम नहीं पाया था, इसलिए जब हेलिकॉप्टर उतरा तो वह उसका भार नहीं संभाल सका और एक तरफ झुकने लगा। जहां इसके पहिए जमीन को छू रहे थे, वहां गड्ढे बन गए।

अधिकारियों के अनुसार, लैंडिंग की योजना मूल रूप से पंबा के पास निलक्कल में बनाई गई थी, लेकिन खराब मौसम के कारण इसे प्रामदम में बदल दिया गया। हालांकि, राष्ट्रपति मुर्मू ने बिना किसी देरी के सड़क मार्ग से





अपनी यात्रा जारी रखी।

राष्ट्रपति ने सबरीमाला मंदिर में दर्शन किए राष्ट्रपति मुर्मू ने आज सबरीमाला मंदिर में दर्शन किए। वे भगवान अय्यप्पा मंदिर में दर्शन करने वाली पहली महिला राष्ट्रपति हैं। 1970 के दशक में पूर्व राष्ट्रपति वीवी गिरी ने इस मंदिर का दौरा किया था।राष्ट्रपति मुर्मू गुरुवार को राज भवन में पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण करेंगी।

## भारत दुनिया का नौवां सबसे बड़ा वन क्षेत्र वाला देश बना, वार्षिक वृद्धि में तीसरे स्थान पर बरकरार



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत ने वन क्षेत्र के मामले में वैश्विक स्तर पर 10वें स्थान से बढ़कर 9वां स्थान हासिल कर लिया है और वार्षिक वन वृद्धि में तीसरे स्थान पर अपनी स्थिति बरकरार रखी है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) द्वारा बाली में जारी ग्लोबल फॉरेस्ट रिसोर्स असेसमेंट 2025 रिपोर्ट में दी गई है। पर्यावरण मंत्रालय ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में किए गए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण और सामुदायिक वन सुरक्षा प्रयासों की सफलता बताया है।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसे सतत वन प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण में भारत की एक बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे अभियानों और राज्यों द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रमों ने इस उपलब्धि में अहम भूमिका निभाई है।

**दुनिया में कुल वन क्षेत्र 4.14 अरब हेक्टेयर**

बता दें कि विश्व के कुल वन क्षेत्र का आकार 4.14 अरब हेक्टेयर है, जो पृथ्वी की 32त्न जमीन को घेरता है। इनमें से 54त्न हिस्सा केवल पांच देशों रूस, ब्राजील, कनाडा, अमेरिका और चीन के पास है। भारत अब ऑस्ट्रेलिया, कांगो और इंडोनेशिया के बाद नौवें नंबर पर है। वहीं वन क्षेत्र में वार्षिक वृद्धि की बात करें तो 2015 से 2025 के बीच चीन ने प्रति वर्ष 16.9 लाख हेक्टेयर, रूस ने 9.42 लाख हेक्टेयर और भारत ने 1.91 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र बढ़ाया है।

**इन देशों में हुई जबरदस्त वृद्धि**

इसके साथ ही अन्य देशों में तुर्किये, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा और वियतनाम भी शामिल हैं, जिनमें उल्लेखनीय वृक्ष वृद्धि दर्ज हुई है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 1990 से 2025 के बीच एशिया ही एकमात्र क्षेत्र है जहां वन क्षेत्र में निरंतर वृद्धि हुई है, जिसका नेतृत्व चीन और भारत कर रहे हैं।

गौरतलब है कि दुनिया में वार्षिक वन क्षय दर भी कम होकर 10.7 मिलियन हेक्टेयर (1990) से घटकर अब 4.12 मिलियन हेक्टेयर (2015-2025) रह गई है। रिपोर्ट के अनुसार, अब दुनिया के 20त्न वन क्षेत्र कानूनी रूप से संरक्षित हैं, जबकि 55त्न वन क्षेत्र लंबी अवधि की योजनाओं के तहत प्रबंधित किए जा रहे हैं।

## तमिलनाडु में भारी बारिश, 5 जिलों में स्कूल बंद:चेन्नई के मरीना बीच पर तूफान का खतरा

### केरल, आंध्र और पुडुचेरी में भी अलट

**नई दिल्ली,एजेंसी।** देश के दक्षिण राज्यों में उत्तर-पूर्वी मानसून के कारण बीते 2 दिन से तेज बारिश हो रही है। तमिलनाडु में आज बुधवार को भारी बारिश की चेतावनी है। राज्य के तिरुवल्लूर, चेन्नई, कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और डेल्टा जिलों में मंगलवार से बारिश जारी है।

चेन्नई में सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। यहां अगले 4 दिनों तक बारिश का अलर्ट है। कुड्डालोर, विल्लुपुरम, रानीपेट, थूथुकुडी जिलों में भी स्कूल-कॉलेज में छुट्टी घोषित की गई है। तमिलनाडु सरकार ने प्रशासन को अलर्ट मोड रहने का निर्देश दिया है।

इधर, बारिश के बीच चेन्नई के मरीना बीच से तेज समुद्री लहरें हवाएं तट से टकरा रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, अगले कुछ दिन तूफान की आशंका बनी रहेगी। प्रशासन ने मछुआरों और तटीय इलाकों के लोगों से सतर्क रहने को कहा है।

तमिलनाडु के अलावा केरल, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी में भी बारिश जारी है। पुडुचेरी और कराईकल में स्कूल-कॉलेज बंद हैं। आंध्र प्रदेश



के नेल्लोर जिले में प्रशासन अलर्ट पर है। स्कूल में छुट्टी कर दी गई है।

**अगले सात दिनों तक बारिश का अनुमान**

IMD ने 19 अक्टूबर की मौसम रिपोर्ट में अगले सात दिनों तक केरल, लक्षद्वीप, तमिलनाडु, पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश और दक्षिणी कर्नाटक में बारिश का अलर्ट जारी किया था। अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, तटीय कर्नाटक, रायलसीमा, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तेलंगाना में भी तूफान के साथ बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग ने तमिलनाडु के इरोड, नीलगिरी, कोयंबटूर, तिरुप्पुर, डिंडीगुल, थेनी, मदुरै, विरुधुनगर, रामनाथपुरम, शिवगंगा, पुदुक्कोट्टई, तंजावुर, तिरुवरुर, कराईकल, मयिलादुथुराई, विल्लुपुरम, कांचीपुरम, चेंगलपट्टू, कुड्डालोर और नागपट्टिनम में 64 से 111 मिमी तक बारिश होने की संभावना जताई।मौसम मिवभ ने चेतावनी जारी की है कि केरल और कर्नाटक के तटों पर 35 से 45 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है, जो 55 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती हैं। समुद्र में लहरें ऊंची हो सकती हैं, इसलिए मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

## दुनियाभर में एक तिथि पर रथयात्रा निकालना संभव नहीं, इस्कॉन ने जगन्नाथ मंदिर समिति को लिखा पत्र

**भुवनेश्वर,एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा को एक ही तिथि पर आयोजित करने का प्रस्ताव अब विवाद का विषय बन गया है। अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ यानी इस्कॉन ने पुरी के श्रीजगन्नाथ मंदिर प्रबंध समिति को साफ शब्दों में कहा है कि दुनिया भर में एक ही तिथि पर रथयात्रा आयोजित करना संभव नहीं है। संगठन ने बताया कि विदेशी देशों में प्रशासनिक अनुमति, मौसम की स्थिति और स्वयंसेवकों की उपलब्धता जैसी व्यावहारिक चुनौतियों के कारण यह परंपरा निभाना मुश्किल है।

पुरी के गजपति महाराज दिब्यसिंह देब, जो मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने सितंबर में इस्कॉन को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि श्रीजगन्नाथ की स्नान यात्रा और रथ यात्रा केवल उसी तिथि पर आयोजित की जाए जो धार्मिक ग्रंथों और परंपरा में निर्धारित है। इस्कॉन ने स्नान यात्रा को निर्धारित ज्येष्ठ पूर्णिमा तिथि पर मनाने के लिए सहमति जताई, लेकिन रथयात्रा को लेकर वैश्विक एकरूपता पर असहमति व्यक्त की।



**इस्कॉन का पक्ष**

इस्कॉन की गवर्निंग बॉडी के चेयरमैन गोवर्धन दास ने 19 अक्तूबर को भेजे पत्र में कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक ही तिथि पर रथयात्रा आयोजित करने में कई असाध्य बाधाएं हैं। संगठन ने बताया कि अधिकांश पश्चिमी देशों में भगवान जगन्नाथ के अनुयायियों की संख्या बहुत कम है। वहां स्थानीय प्रशासन केवल सप्ताहांत (वीकेंड) पर धार्मिक जुलूसों की अनुमति देता है ताकि शहरों के व्यावसायिक कार्य प्रभावित न हों।

पत्र में यह भी कहा गया कि कार्यदिवसों में अधिकांश स्वयंसेवक और श्रद्धालु अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों के कारण भाग नहीं ले पाते। कई मंदिरों के पास अपने रथ नहीं हैं, और एक ही रथ को कई शहरों में ले जाकर आयोजन किया जाता है।

**श्रीजगन्नाथ मंदिर समिति की प्रतिक्रिया**

इस बीच, गजपति महाराज दिब्यसिंह देब ने मंगलवार को इस्कॉन के इस रुख पर चिंता जताई और पुनः आग्रह किया कि संगठन अपने निर्णय पर पुनर्विचार करे। उन्होंने कहा कि श्रीजगन्नाथ की रथयात्रा को पूरी दुनिया में एक ही आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि से आरंभ होने वाले नौ दिवसीय शुभ कालखंड में ही मनाया जाना चाहिए। अपने पत्र में गजपति महाराज ने कहा कि जब महाशिवरात्रि, जन्माष्टमी, रामनवमी, गणेश चतुर्थी, होली, दीवाली, दुर्गा पूजा, वसंत पंचमी और मकर संक्रांति जैसे त्यौहार पूरी दुनिया में निर्धारित तिथि पर मनाए जाते हैं, तो रथयात्रा का अपवाद क्यों होना चाहिए।

## चिदंबरम बोले- लोकपाल को बीएमडब्ल्यू कारों की क्या जरूरत

### सुप्रीम कोर्ट के जज भी साधारण गाड़ियों से जाते; लोकपाल ने 5 करोड़ का टेंडर निकाला था

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत के लोकपाल कार्यालय के 7 हाई-एंड बीएमडब्ल्यू 330 Li लॉन्ग व्हील बेस लग्जरी कारें खरीदने के फैसले की कांग्रेसी नेताओं ने आलोचना की है।

पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने सवाल उठाया कि जब सुप्रीम कोर्ट के जज साधारण सेडान कारों का इस्तेमाल करते हैं, तो लोकपाल के अध्यक्ष और 6 सदस्यों को बीएमडब्ल्यू जैसी महंगी कारों की क्या जरूरत है?

वहीं, अभिषेक सिंघवी ने ङ्ग पर लिखा, भ्रष्टाचार विरोधी इस संस्था को अब अपने सदस्यों के लिए बीएमडब्ल्यू कारें खरीदते देखना दुखद है। यह ईमानदारी के रखवाले कम, विलासिता के पीछे भागने वाले ज्यादा लगते हैं।

लोकपाल कार्यालय ने 16 अक्टूबर को 7 BMW खरीदने के लिए एक टेंडर जारी किया था।



टेंडर के अनुसार, हर कार की कीमत 70 लाख रुपए से अधिक है, और कुल 7 कारों की लागत 5 करोड़ रुपए से ज्यादा होने की उम्मीद है।

**सिंघवी बोले- लोकपाल पालतू जानवर लगता है**

अभिषेक सिंघवी ने कहा कि उनके पिता डॉ. एलएम सिंघवी ने 1960 के दशक में लोकपाल की अवधारणा प्रस्तुत की थी, और वह खुद लोकपाल पर संसदीय समिति के अध्यक्ष रहे हैं। सिंघवी ने बताया कि 2019 में स्थापना के बाद से लोकपाल को 8,703 शिकायतें मिलीं, जिनमें से केवल 24 की जांच हुई और 6 मामलों में मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई।

# 18वीं बिहार विधानसभा चुनाव : एक ऐतिहासिक संदर्भ

**विवेकानंद सिंह/छपरा/ बलिया (उ.प्र.)।**



06 अक्टूबर, 2025 को मुख्य चुनाव आयुक्त, ज्ञानेश कुमार द्वारा 18वीं बिहार विधासभा की 243 सीटों के लिए दो चरणों में चुनाव की घोषणा की गई, आगामी 06 नवंबर को 121 सीटों के लिए और 11 नवंबर को 122 सीटों के लिए मतदान होगा तथा 14 नवंबर, 2025 को परिणाम जारी किया जाएगा। इस चुनाव में बिहार के लगभग 7.43 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिसमें 3.92 करोड़ पुरुष, 3.50 करोड़ महिलाएं और 1,725 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं।

तो आइए ! बिहार विधानसभा के इतिहास पर एक नज़र डालते हैं और यह जानते हैं कि कल और आज के चुनाव में क्या अंतर है ? 12 दिसंबर, 1911 को दिल्ली दरबार में द किंग-एंपरर, हिज़ मजेस्टी जॉर्ज पंचम ने बिहार को बंगाल प्रेसीडेंसी से अलग करके एक नया प्रांत बनाने की घोषणा की, तत्पश्चात् 01 अप्रैल, 1912 को बिहार, उड़ीसा और छोटानागपुर प्रांत का गठन किया गया, जिसकी राजधानी पटना और राँची थी। प्रांतीय शासन को सुचारू रूप से संचालित करने एवम् तत्कालीन लेफ्टिनेंट-गवर्नर को सलाह देने के लिए बिहार लेजिस्लेटिव काउंसिल का गठन किया गया, जिसमें 43 सदस्य (3 पदेन, 21 निर्वाचित और 19 मनोनीत) थे। काउंसिल की पहली बैठक 20 जनवरी, 1913 को पटना कॉलेज, बांकीपुर में हुई थी। 01 अप्रैल, 1936 को उड़ीसा (अब ओडिशा) को बिहार से अलग करके एक नया प्रांत बना दिया गया। तदुपरांत बिहार में गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया एक्ट 1935 के अंतर्गत अन्य प्रांतों के साथ ही बिहार में पहली बार जनवरी, 1937 में बिहार लेजिस्लेटिव असेम्बली के लिए 152 सीटों पर चुनाव हुआ, जिसमें इंडियन नेशनल कांग्रेस को बहुमत मिला, लेकिन ब्रिटिश हुकूमत से अनबन के कारण कांग्रेस ने सरकार बनाने से मना कर दिया और तब मुस्लिम इंडिपेंडेंट पार्टी के एम. एल. ए., मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में सरकार बनी, लेकिन गतिरोध समाप्त होने के बाद कांग्रेस के एम. एल. ए., डॉ. श्रीकृष्ण सिंह के नेतृत्व में सरकार बनी। लेकिन 1939 में द्वितीय विश्वयुद्ध के मुद्दे पर ब्रिटिश हुकूमत से हुई रार के कारण सरकार ने अपना इस्तीफ़ा दे दिया और फिर 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के चलते अगला चुनाव 1946 में हुआ और इस बार भी डॉ. सिंह ही प्रीमियर (प्रधानमंत्री, जिसे बाद में मुख्यमंत्री कहा जाने लगा) चुने गए; 1947 में देश आज़ाद हुआ और 1951-52 में प्रथम बिहार विधानसभा का चुनाव सम्पन्न हुआ और अबकी बार भी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह ही मुख्यमंत्री चुने गए और तबसे अबतक बिहार विधानसभा के लिए 17 बार चुनाव हो चुका है और अबकी बार 18वीं बिहार विधानसभा का चुनाव हो रहा है। इन 73 वर्षों में बिहार की राजनीति का ही नहीं, बल्कि पूरे भारतीय राजनीति का स्तर धीरे-धीरे गिरता चला गया। तो आइए! विभिन्न स्रोतों के अध्ययन से इस राजनीति के क्षरण के कारणों को विस्तार से समझते हैं। आज़ादी के पहले और आज़ादी के बाद कुछ सालों तक नेता देशसेवा एवं जनसेवा की भावना से राजनीति में आते थे, लेकिन अब वह व्यक्तिगत लाभ के लिए राजनीति में आते हैं, जिससे जनता के हितों की अनदेखी होती है। इसके साथ ही आर्थिक संसाधनों का दुरुपयोग, रिश्वतखोरी, कालेधन के चलन में बढ़ोतरी, अनुशासनहीनता, नेताओं द्वारा दिए गए विवादास्पद बयानों का चलन आदि लगातार बढ़ता ही जा रहा है। पूर्ववर्तीकाल की राजनीति में नैतिकता और सिद्धांत महत्वपूर्ण था, लेकिन अब स्वार्थलोलुपता, भाई भतीजावाद आदि पर जोर है। परिणामतः नेताओं के प्रति जनता का विश्वास घटता जा रहा है, जिसके चलते आमजन चुनाव से कटता जा रहा है। अतः राजनीतिक प्रक्रिया में जनता की भागीदारी दिन-ब-दिन कम होती जा रही है, फलतः मतदान प्रतिशत में लगातार कमी आ रही है। यहाँ उल्लेखनीय है कि जनता जबतक अपना दायित्व नहीं समझेगी और अच्छे नेताओं को चुनकर विधानसभा में नहीं भेजेगी; तबतक राजनीति में कोई बदलाव नहीं होगा। अतः आमजन को चुनाव के प्रति जागरूक रहना चाहिए और अपने अधिकारों का उपयोग करना चाहिए। उन्हें उम्मीदवारों के बारे में जानकारी प्राप्त करनी चाहिए और उनके कार्यों और वादों का मूल्यांकन करना चाहिए। यहाँ यह कहना आवश्यक है कि जनता जनार्दन की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है मतदान करना। तो आइए! बिहार राज्य को समृद्ध बनाने के लिए उम्मीदवार का चित्र नहीं चरित्र देखें और अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

# चाय पर चर्चा : लोकतंत्र की सबसे सच्ची जनसभा

**नीरज कुमार।**



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** लोकतंत्र की असली तस्वीर संसद भवन की भव्य इमारतों में नहीं, बल्कि उन साधारण चाय की दुकानों में दिखाई देती है, जहाँ लोग हर दिन देश, समाज और राजनीति पर चर्चा करते हैं। चाय की दुकानें केवल मिलने-जुलने की जगह नहीं होती– ये जनता की अनौपचारिक संसद हैं, जहाँ हर व्यक्ति एक वक्ता होता है, हर विचार मायने रखता है और हर बहस में सच्चाई की झलक मिलती है। चुनाव के मौसम में इन चर्चाओं का उत्साह और भी बढ़ जाता है। भाप उठती चाय के साथ राजनीति की गर्मी भी फैल जाती है। किसी उम्मीदवार के काम की चर्चा होती है, किसी के वादों की समीक्षा। यहाँ कोई स्क्रिप्ट नहीं होती, कोई सूत्रधार नहीं– केवल जनता होती है, जो अपने अनुभव और समझ से तय करती है कि कौन उसके भरोसे पर खरा उतरा और कौन नहीं। चाय की दुकानों पर बैठी जनता किसी सर्वे एजेंसी से ज़्यादा सटीक विश्लेषण करती है। क्योंकि यहां वोट नहीं, विवेक की बात होती है। जो उम्मीदवार जनता के सुख-दुख में साथ रहा है, उसका नाम हर बातचीत में श्रद्धा से लिया जाता है। यह वही जगह है,जहां प्रचार की चमक फीकी पड़ जाती है और जनता की सच्चाई सबसे उजली नज़र आती है। लोकतंत्र की मज़बूती इसी में है कि उसका निर्णय बड़े मंचों पर नहीं, बल्कि खुले आसमान के नीचे, चाय की प्याली के साथ होता है। जहां एक किसान, एक मज़दूर, एक नौजवान, एक बुज़ुर्ग– सब बराबरी से अपनी राय रखते हैं। यहाँ किसी के पास सत्ता नहीं होती, पर सबके पास मत होता है, और वही मत लोकतंत्र का आधार है।

जब कोई व्यक्ति चाय की चुस्की लेते हुए कहता है –

जो जनता के साथ रहा, जनता उसी के साथ है,

तो समझ लीजिए कि लोकतंत्र न केवल ज़िंदा है, बल्कि पहले से कहीं अधिक सजग और सशक्त है।

# 'गोधन भईया चलले अहेरिया, खोड़लिच बहीना देली आशीष ......!'

**● भैयादूज को लेकर गाय के गोबर से बहनों व महिलाओं ने बनाए भीतिचित्र**



**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** गोधन भईया चलेलें अहेरिया खोड़लिच बहीना देली आशीष..., भईया के बढ़े सिर पगड़ी भौजी के मांग सिंदूर...।÷ कुछ इसी तरह के एकमा नगर पंचायत सहित एकमा व मांझी प्रखंड क्षेत्र के एकमा, हंसराजपुर, आमडाढ़ी, रसूलपुर, राजापुर, नचाप, जमनपुरा, मुबारकपुर, खानपुर, हरपुर, गौसपुर, भरहोपुर, गंजपर, परसागढ़, बलिया, टेसुआर, भजौना, महमदपुर, नवादा, माधोपुर, विशुनपुरा कला, पचरुखिया, देवकुली, लालपुर आदि ग्रामीण इलाकों में भी पारंपरिक लोक गीतों के सामूहक स्वरों के साथ बहनों व महिलाओं ने गायन करते हुए ने सुबह भैयादूज पर्व को लेकर गोधन बाबा का पारंपरिक विधि-विधान से भीतिचित्र बनाया। नचाप गांव की अंशु कुमारी, मनीषा कुमारी, कृतिका सिंह आदि ने बताया कि गुरुवार की सुबह गाय के गोबर से बने गोधन बाबा की कुटने की रस्म के बाद इसी गोबर से पीड़िया दिवारों पर लगाई गई। इस बीच बहनें भाईयों को चना की बजड़ी और मिठाई खिलाकर उन्हें बज्र के समान बनने की कामना करेंगी। वहीं रोजाना शाम होते ही बहने गीत गायेंगी और भाइयों के दीर्घायु होने की मंगल कामना करेंगी। एक महीने बाद व्रती बहनें उपवास रख कर दिवाल से पिंडी रूप में बनी पीड़िया देवी का विसर्जन करेंगी। उस दिन घर के आंगन में सोरहिया नाम से भीतिचित्र भी बनाई जाने की परंपरा रही है।

# धार्मिक नगरी चिरांद में 1 से 5 नवंबर तक होगा महाविष्णु यज्ञ



## शरद पूर्णिमा से चल रहा अखंड सीताराम नाम संकीर्तन, पूज्य मौनी बाबा कर रहे हैं कल्पवास

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** धार्मिक नगरी चिरांद एक बार फिर भक्तिभाव और आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठी है। ऐतिहासिक अयोध्या मंदिर परिसर में पवित्र शरद पूर्णिमा से शुरू हुआ सवा माह का सीताराम नाम संकीर्तन (अखंड अष्टयाम) भक्तों के हृदय में दिव्यता और भक्ति की लहरें जगा रहा है। पूज्य श्री श्री 1008 मौनी बाबा के सान्निध्य में चल रहा यह अनुष्ठान पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक चेतना से भर रहा है। मौनी बाबा इन दिनों अयोध्या मंदिर परिसर में कल्पवास कर रहे हैं। उनके प्रवास के दौरान प्रतिदिन भजन-कीर्तन, हवन, नवाह पाठ और सत्संग का आयोजन हो रहा है, जिसमें स्थानीय लोगों के साथ दूर-दूर से आए श्रद्धालु भी भाग ले रहे हैं। अब इस भक्तिमय माहौल में 1 नवंबर से शुरू होगा महाविष्णु यज्ञ, जो 5 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान देशभर के कई प्रमुख संत-महात्मा और पीठाधीश्वरों के आने की संभावना है। विशेष रूप से पूज्य संत महंथ मैथिली रमण शरण, लक्ष्मण किलाधीश सरकार, हनुमत निवास पीठाधीश्वर मिथिलेश नंदनी शरण सहित अनेक संत-महात्मा इस यज्ञ में शिरकत करेंगे। श्रद्धालुओं में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। उनका मानना है कि मौनी बाबा के दर्शन और सत्संग से सारे दुख दूर होते हैं और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का आगमन होता है। यह सवा माह का प्रवास केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि लोककल्याण, आत्मशुद्धि और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देता है।

### चिरांद का पौराणिक गौरव : भगवान राम और श्रीकृष्ण की पावन भूमि

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, चिरांद वह पवित्र भूमि है, जहां स्वयं भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े थे। कहा जाता है कि अर्जुन का घमंड भी यहीं नष्ट हुआ था।कथाओं के अनुसार, भगवान श्रीराम यहां दो बार आए थे। पहली बार जनकपुर यात्रा के दौरान और दूसरी बार रावण वध के पश्चात। कहा जाता है कि जब रावण वध के बाद भगवान श्रीराम को ब्रह्महत्या का दोष लगा, तब वे गंगा संगम पर यज्ञ करने आए थे और उसी क्रम में चिरांद में कुछ समय रुके थे। इसी कारण से, इस पावन स्थल पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कल्पवास और गंगा स्नान का विशेष महत्व बताया गया है। सदियों से यह परंपरा चली आ रही है और आज भी हर वर्ष लाखों श्रद्धालु यहां आकर स्नान, दान और पूजा–अर्चना कर पुण्य अर्जित करते हैं।धर्म, भक्ति और लोककल्याण का संगम चिरांद का यह महाविष्णु यज्ञ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आध्यात्मिक एकता और जनकल्याण का पर्व है। यहां आने वाले श्रद्धालु कहते हैं कि मौनी बाबा के सत्संग और आशीर्वाद से उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं।1 से 5 नवंबर तक चलने वाला यह यज्ञ भक्ति, सेवा और सद्भावना का संदेश दे रहा है और चिरांद की इस पवित्र भूमि को एक बार फिर धर्म और अध्यात्म का केंद्र बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है।

# मढ़ौरा में देर से पहुंचे प्रशांत किशोर, बड़ी संख्या में जुटे समर्थकों के साथ किया रोड शो



## जनसुराज प्रत्याशी नवीन कुमार सिंह के पक्ष में मतदान की अपील की

**दैनिक खोज खबर/ मढ़ौरा(सारण )।** 117- मढ़ौरा में आयोजित जनसुराज की पहली चुनावी सभा में प्रशांत किशोर के निर्धारित समय तक नही पहुंचने के कारण रद्द कर दी गई। जनसुराज के प्रणेता प्रशांत किशोर का आज मढ़ौरा में चुनावी सभा आयोजित था। पीके को देखने सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। घंटों इंतजार के बाद भी प्रशांत किशोर निर्धारित समय शाम पंच बजे तक सभा स्थल तक नही पहुंचे। हालांकि लेट से पहुंचे प्रशांत किशोर ने मढ़ौरा के धेनुकी चौक से मुख्य बाजार तक रोड-शो किया। समर्थक और लोगों की भारी भीड़ के बीच प्रशांत किशोर रोड-शो में लोगों से मिले। लोगों से जनसुराज के स्थानीय प्रत्याशी नवीन कुमार सिंह उर्फ अभय सिंह के समर्थन में मतदान की अपील की। प्रशांत किशोर ने लोगों से बिहार में बदलाव के लिए, अपने बच्चों के भविष्य के लिए, पलायन को रोकने और रोजगार के लिए जनसुराज के साथ आने और स्कूल बस्ता छाप पर मतदान करने की बात कही। प्रशांत किशोर के रोड-शों में युवाओं और जनसुराज के समर्थकों की काफी भीड़ दिखी। बड़ी संख्या में युवा प्रशांत किशोर से मिलने और उन्हे नजदीक से देखने के लिए बेताब दिखे। जनसुराज के कार्यक्रम बुधवार को थाना के पीछे वाले खेल मैदान में आयोजित था। संध्या 3ः30 से आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए दिन के दो बजे से ही लोग कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने लगे थे। इसमें महिलाएं और बच्चे भी काफी संख्या पहुंचे थे। सभी को प्रशांत किशोर के आने का इंतजार था। प्रशांत किशोर का मढ़ौरा के धेनुकी चौक से सभा स्थल तक रोड शो भी पूर्व से निर्धारित था। इसको लेकर भी धेनुकी चौक पर काफी भीड़ जमा थी। निर्धारित समय से काफी लेट शाम के 4ः40 में प्रशांत किशोर का काफिला धेनुकी चौक पर पहुंचा। संध्या पांच बजे तक ही सभा की जा सकती थी इसकों लेकर पीके सभा संबोधन को स्थगित कर रोड शो में शामिल हो गए।



## पूर्व मुखिया के पौत्र बना अपर डिवीजनल क्लर्क

**दैनिक खोज खबर/गड़खा (सारण)** गड़खा प्रखंड क्षेत्र कुदरबाधा पंचायत के पूर्व मुखिया इस्माइलपुर गाँव निवासी आनंदी राय के पौत्र धीरज कुमार ने बिहार सिविल कोर्ट युडीसी परिक्षा मे 187 रैंक लाकर उत्तीर्ण हुआ है जिसको लेकर परिजन एवं गाँव मे खुशी का महौल है। उत्तीर्ण छात्र धीरज की पढाई हाजीपुर और छपरा से हुआ है पिता पुर्व मध्य रेलवे समस्तीपुर डिवीजन के टिकट परीक्षक उपेंद्र राय उर्फ भोला एवं माता गृहिणी बिना देवी ने बताया की धीरज बचपन से ही पढाई मे काफी रुचि रखता है अपर डिवीजनल क्लर्क बनने पर हमलोग काफी खुश है वही ग्रामीणों का कहना है की धीरज बचपन से ही होनहार छात्र था और पढाई लिखाई मे काफी रूची रखता था बधाई देने वालो मे निर्वतमान विधायक सुरेंद्र राम मुखिया दिनेश राय मुखिया अशोक राय रामबाबू राय दिनेश प्रसाद यादव हरीश कुमार कमलेश कुमार यादव रविन्द्र सिंह विजय राय सुभाष राय आदि थे।

## भेल्दी के सरायबक्स में कलश यात्रा के साथ अखण्ड अष्टयाम शुरू

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** पंचमुखी हनुमान मंदिर सरायबक्स में वार्षिकोत्सव के मौके पर कलश यात्रा के साथ गांव समाज एकता दल द्वारा श्रीधर बाबा के नेतृत्व में 24 घंटे का अखंड अष्टयाम शुरू हुई। श्रीधर बाबा के मठिया सरेया पोखरा पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में बुधवार की सुबह सैकड़ों महिलाओं व युवतियो ने पीले वस्त्रों से सुशोभित होकर सरायबक्स, बड़कुरवा होते हुए रायपुरा बाजार पर पोखरा में पहुंचे जहां आचार्यो ने वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच कलश में गंगाजल भरवाया। कलश यात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंची।जहां पूजन पाठ के साथ अष्टयाम शुरू हुई। हरे राम हरे कृष्ण महामंत्र के जाप से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस मौके पर श्रीधर बाबा के शिष्य मुरारी स्वामी जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अमर राय मुखिया पति टीपू राय नंदकिशोर मांझी, पूनम राय सहित सभी ग्रामीण उपस्थित थे।

## दिघवारा में पार्टी का झंडा घर पर लगाने को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, दर्जनों घायल

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा (सारण)।** थाना क्षेत्र के कुरैया पंचायत के कुरैया गांव मे भाजपा के झंडा लगाने के विवाद मे दो दल के कार्यकर्त्ता आपस मे भीड़ गए और देखते ही देखते मार पीट पर उतर गए।इस घटना मे लाठी ,डंडा और जमकर रोड़े चले।इस घटना मे दोनो पक्षो से तीन महिला समेत लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए।घायलो मे शत्रुघ्न चौधरी के पुत्र राज कुमार चौधरी व राकेश कुमार,ललन चौधरी की पत्नी भागमनी देवी एवं पुत्र सन्नी कुमार,दशरथ चौधरी का पुत्र मन्टू चौधरी,मंटू चौधरी की पत्नी मंजू देवी,ज्वाला चौधरी का पुत्र प्रिंस कुमार,उमेश राय की पत्नी नमीता देवी एवं पुत्र शिवम कुमार एवं विलास राय का पुत्र मिथिलेश कुमार बताया जाता है।सभी धायलो का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दिघवारा मे करने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा भेजा है।इस संबंध मे दोनो पक्षो द्वारा थाने मे प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है।समाचार प्रेषण तक प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## नरपलिया में नीतीश कुमार की जनसभा को लेकर तैयारियां तेज, डीएम-एसपी व डीआईजी ने लिया जायजा

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को मांझी प्रखंड के नरपलिया मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। वे एनडीए समर्थित उम्मीदवार रणधीर सिंह के पक्ष में वोट देने और आम जनता से समर्थन की अपील करेंगे। जनसभा को लेकर प्रशासनिक तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं। बुधवार को सारण रेंज के डीआईजी,डीएम और पुलिस अधीक्षक बुधवार को सभास्थल पर पहुंचे और तैयारियों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मंच, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, बैरिकेडिंग एवं जनसुविधाओं की बारीकी से जांच की तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसभा को लेकर क्षेत्र के लोगों में उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। मौके पर प्रखण्ड जदयू अध्यक्ष अख्तर अली तथा उमाशंकर ओझा आदि नेता लगातार कैंप कर रहे हैं।

## लोकतंत्र क्विज प्रतियोगिता के दूसरे सप्ताह के लकी विनर बने दिग्विजय यादव

दैनिक खोज खबर/छपरा। ÷लोकतंत्र क्विज प्रतियोगिता÷ के दूसरे सप्ताह के लकी विनर दिग्विजय यादव बने।दूसरे सप्ताह में पूछे गए 6 प्रश्नों का एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने सही जबाब दिया था। एनआईसी में रैंडमाइजेशन के माध्यम से लकी विजेता का नाम चुना गया।तीसरे सप्ताह की प्रतियोगिता जारी है। प्रत्येक दिन (सोमवार से शनिवार) जिला प्रशासन, सारण के फेसबुक पेज पर लोकतंत्र की थीम पर आधारित एक प्रश्न पूछा जाता है तथा प्रत्येक सप्ताह सही जबाब देने वाले एक लकी विनर को चुना जा रहा है।

## शेरही में गोवर्धन पूजा पर उमाशंकर महावीरी अखाड़े का भव्य उद्घाटन

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड के शेरही गांव में गोवर्धन पूजा के अवसर पर मंगलवार की शाम उमाशंकर महावीरी अखाड़ा मेले का उद्घाटन जितेंद्र स्वामी एवं पूर्व जिला पार्षद वीरेंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जितेंद्र स्वामी ने कहा कि विभिन्न गांवों से आने वाले अखाड़े आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने बताया कि इस मेले की शुरुआत 1977 में जेपी आंदोलन के सिपाही एवं पूर्व मुखिया जितेंद्र राय विद्यार्थी ने की थी और तब से यह परंपरा निरंतर जारी है।पूर्व जिला पार्षद वीरेंद्र शर्मा ने युवाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन गांवों की सांस्कृतिक पहचान को जीवंत बनाए रखते हैं।मेले में चांदपरसा, उस्ती, मंछा, कोड़र, दपनी, मठिया, शेरही, टरवा एवं जगदीशपुर गांवों के अखाड़ों ने भाग लिया। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सभी अखाड़ों को पुरस्कृत किया गया। मेले के दौरान जयकारों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में डा. लोकनाथ यादव, मनोज राय विद्यार्थी, मुखिया मनोज सिंह, शोभनाथ सिंह, कौशल महतो समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अब जिले के सभी अस्पताल होंगे 'क्वालिटी सर्टिफाइड' एनक्यूएएस प्रमाणीकरण की तैयारी शुरू

- **मरीजों को मिलेगी बेहतर सुविधा**
- **अब सदर-अनुमंडलीय अस्पताल भी होंगे एनक्यूएएस मानक पर**
- **70 प्रतिशत से अधिक अंक पर मिलेगा क्वालिटी सर्टिफिकेट**

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। अब सदर अस्पताल की तरह ही अनुमंडलीय अस्पतालों, रेफरल अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का भी राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत प्रमाणीकरण कराया जाएगा। इस प्रक्रिया से स्वास्थ्य सुविधाओं में न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी बल्कि मरीजों को उच्चस्तरीय और सुरक्षित उपचार भी मिलेगा। सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने सभी चिकित्सा पदाधिकारियों को पत्र जारी कर अस्पतालों को एनक्यूएएस की चेकलिस्ट के अनुरूप तैयारी करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और मानक स्तर पर लाने के लिए हर स्तर के अस्पतालों को प्रमाणीकरण की प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी–दोनों क्षेत्रों में समान रूप से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि जिला स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है कि सदर अस्पताल की तरह ही सभी सीएचसी, पीएचसी और हेल्थ सब सेंटर में भी सेवाओं का स्तर ऊंचा हो। इससे न केवल इलाज की गुणवत्ता में सुधार होगा बल्कि मरीजों का भरोसा भी बढ़ेगा।

**70 प्रतिशत से अधिक अंक पर मिलेगा क्वालिटी सर्टिफिकेट**-जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम अरविन्द कुमार ने बताया कि एनक्यूएएस प्रमाणीकरण के लिए अस्पतालों को 70 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने होंगे। यह मूल्यांकन दो चरणों में किया जाता है–पहले राज्य स्तरीय टीम द्वारा और उसके बाद राष्ट्रीय स्तर की टीम द्वारा। जो संस्थान दोनों स्तरों पर सफल रहते हैं, उन्हें राष्ट्रीय गुणवत्ता सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है। भारत सरकार द्वारा लागू इस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य देशभर में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना और मरीजों को मानक के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस प्रक्रिया में अस्पतालों का मूल्यांकन 8 प्रमुख बिंदुओं पर किया जाता है ताकि छोटी से छोटी सुविधा भी नजरअंदाज न हो।

### इन बिंदुओं पर किया जाता है मूल्यांकनः

एनक्यूएएस के तहत अस्पतालों का मूल्यांकन निम्न मानकों पर किया जाता है।

- क्लीनिकल सेवाओं की गुणवत्ता
- इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती और स्वच्छता व्यवस्था
- डॉक्टरों और नर्सों की संख्या
- मरीज प्रतीक्षा कक्ष की व्यवस्था और वेंटिलेशन
- ऑपरेशन थिएटर की मानक व्यवस्था (तीन अलग-अलग जोन, एयर फिल्टर, तापमान नियंत्रण)
- संक्रमण नियंत्रण के उपाय और प्रोटोकॉल का पालन
- मरीज को इलाज में लगने वाला समय
- स्टाफ की ट्रेनिंग और व्यवहारिक दक्षता

इन बिंदुओं पर मूल्यांकन दल द्वारा निरीक्षण किया जाता है और उसके आधार पर अंक दिए जाते हैं। जो संस्थान आवश्यक मानकों को पूरा करते हैं, उन्हें प्रमाणित कर ÷क्वालिटी अस्पताल÷ की श्रेणी में रखा जाता है।

### गुणवत्ता से बढ़ेगा भरोसाः

एनक्यूएएस प्रमाणीकरण न केवल अस्पतालों की छवि को मजबूत करेगा बल्कि मरीजों के बीच भरोसे का माहौल भी पैदा करेगा। इससे स्वास्थ्य कर्मियों में जवाबदेही बढ़ेगी और सेवाएं अधिक पारदर्शी बनेंगी। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि आने वाले समय में जिले के सभी प्रमुख अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक प्राप्त करें।

## आज कायस्थ वंशज करेंगे भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज की पूजा अर्चना

### चित्रगुप्त पूजन से मिलती है नर्क के कष्ट से मुक्ति

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर** आज (गुरुवार ) के दिन कायस्थ वंश से उत्पन्न लोग विधि- विधान के साथ श्री चित्रगुप्त जी महाराज की पूजा मंदिरों एवं घरों में करेंगे । यह पुजा कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के दिन होती है. इसी दिन जहां भाई-बहन के अटूट प्रेम बंधन के साथ भाई की लंबी आयु के लिए बहन अपने भाई को पहले रेंगनी के काटे से श्राप देतीं है पुनः रेंगनी के कांटे को जीभ में चुभोकर पश्चताप करते हुए अपने दिए गये श्राप से मुक्त कर भाई को बजरी व लड्डू खिलाकर उसे लंबी आयु के लिए आराध्य देव से प्रार्थना करती है इसे भाई दूज का पर्व के रूप से जाना जाता है वहीं दूसरी ओर इसी दिन चित्रगुप्त पूजा भी की जाती है। इस दिन कायस्थ वंशज कलम और दवात की पूजा करते है । इतना ही नहीं, इस दिन कायस्थ वंशज अपने वही खातों, पढ़न पाठन समाग्री का भी पूजा करते है. धर्मग्राथ के अनुसार चित्रगुप्त भगवान को यमराज का सहयोगी माना जाता है. मान्यता है कि चित्रगुप्त सभी प्राणियों के पाप पुण्य अच्छे-बुरे कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं. कायस्थ लोगों के इस्ट देवता के रूप में भी चित्रगुप्त भगवान को पूजा करते है। भगवान चित्रगुप्त को देवलोक धर्माधिकारी के नाम से भी जाना जाता है। चित्रगुप्त का संबंध लेखन कार्य से होने के कारण इस दिन सभी कायस्थ वंश के लोग भगवान चित्रगुप्त के साथ कलम और दवात की पूजा भी करते है। भगवान चित्रगुप्त का वर्णन पद्म पुराण, स्कन्द पुराण, ब्रह्मपुराण, यमसंहिता व याज्ञवलक्य स्मृति सहित कई धार्मिक ग्रंथों में है. माना जाता है कि चित्रगुप्त जी की उत्पत्ति सृष्टिकर्ता ब्रह्मा जी की काया से हुई है. वहीं, एक अन्य कथा के अनुसार चित्रगुप्त की उत्पत्ति समुद्र मंथन से बताई जाती है. समुद्र मंथन से 14 रत्न प्राप्त हुए थे. जिसमें इनकी उत्पत्ति लक्ष्मी जी साथ हुई थी । वेदों और पुराणों के अनुसार धर्मराज श्री चित्रगुप्त जी अपने दरबार में प्राणियों के पाप- पुण्य का लेखा-जोखा करके न्याय करने वाले बताए जाते हैं, जिस प्रकार शनिदेव सृष्टि के प्रथम न्यायाधीश हैं मान्यता है की ब्रह्मा के नाभि से उत्पन्न चार भुजा धारण करते हुए एक मनुष्य रूप में जन्म हुआ जिनके हाथो में कलम, दवात, करनाल और किताब धारण करके उत्पन्न होने वाले भगवान श्री चित्रगुप्त ब्रह्मा की काया से उत्पन्न हुए। ब्रह्मा इन्हें चित्रगुप्त नाम से नामांकन करते हुए वंश की उत्पत्ति करते हुए सृष्टि के सभी पाप- पुण्य का लेखा -जोखा और न्याय करने के लिए पदभार सौंपा और ब्रह्मा जी अंतर्ध्यान हो गए तब से पृथ्वी के सभी प्राणियों का पाप- पुण्य का लेखा -जोखा श्री चित्रगुप्त जी महाराज कर रहे हैं । चित्रगुप्त जी महाराज के शरीर से उत्पन्न वंश हुए जिसमें-- श्रीवास्तव, सूरजध्वज, निर्गम, कुलश्रेष्ठ, माथुर, कर्ण, सक्सेना, गोद ,अष्ठाना,अम्बष्ट, बाल्मीकि,भटनागर कुल 12 पुत्र हुए । इस दिन सभी चित्रगुप्त वंश के वंशज भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज के साथ कलम, दवाद की पूजा अर्चना करने के बाद अपना लेखनी 1 दिन के लिए बंद कर देते हैं ।

## सीआईएसफ के जवानो ने पहलेजा घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सीआईएसफ के जवानों ने बिहार विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने के लेकर सोनपुर विधानसभा क्षेत्र के कसमर स्थित एक स्कूल में ठहरे जवानों ने दक्षिण वाहिनी गंगा नदी पहलेजा घाट स्थल पर पहुँचे जहाँ कूड़ा कचरा देखकर गंगा को स्वच्छ बनाने व स्थलों को साफ सुधरा रखने के उद्देश्य को लेकर सभी 80 बटालियन के जवानों ने मानवता की सेवा के ध्यान में रखकर मंगलवार को गंगा घाट स्थल पर पहुंचकर गंगा घाट के आसपास लगे कूड़े कचरे को साफ किया. उन्होंने आस पास के दुकानदारों एवं लोगों से अपील करते हुए कहा कि गंगा को स्वच्छ रखें, गंगा में किसी प्रकार के कूड़े कचरा न फेके , गंगा स्थल के आसपास के साफ सफाई रखें. अपने घर या आसपास स्थल या कहीं भी अगर कचरा रहता है तो अनेक तरह की बीमारियां से ग्रसित लोग होते हैं.ऐसे में स्वच्छता के प्रति सजग रहे.घर हो या बाहर कहीं भी साफ सुथरा रखें.स्वच्छ रहे स्वस्थ रहे. उक्त बात की जानकारी देते हुए सीआईएसफ इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने बताया कि देश के जवान सिर्फ अपनी देश की सेवा नहीं वल्कि अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी के साथ निभाते है। उन्होंने कहा कि देश के जवान सेवा ही नहीं देते बल्कि जब जरूरत पड़ती है तो स्वच्छता एवं मानव की सेवा करने में पीछे नहीं हटती है. इस कार्य में पहलेजा थाना अध्यक्ष सहित थाना के अन्य पुलिसकर्मियों ने भी इस कार्य में सहयोग किया.स्वच्छता अभियान में शामिल रहे पहलेजा थाना अध्यक्ष अनुराधा कुमारी और अपर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार, रंजीत कुमार,अनुज कुमार, राजेश कुमार,अजीत राज और थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार,श्री बालाजी और कार्य में सहयोग करने में समाजसेवी हरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

## जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर का सोनपुर में हुआ भव्य स्वागत



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर(सारण)।** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान 6 नवंबर को होनी है. जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर जो मढ़ौरा खेल मैदान में पहुंचकर चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए पटना से मढ़ौरा जाने के क्रम में जन सुराज की पार्टी प्रत्याशी डॉक्टर चंदन लाल मेहता एवं पार्टी के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने सोनपुर जेपी सेतु के बजरंग चौक पर भारी संख्या में गर्म जोशी के साथ उन्हें फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। प्रशांत किशोर की काफिले के साथ सोनपुर विधानसभा के सैकड़ो लोगो ने उनके साथ पहलेजा घाट, कसमर, नौडीहा, नयागांव में भव्य स्वागत किया गया उसके उपरांत आगे बढ़े डुमरी बुजुर्ग स्थित मां कालरात्रि के दरबार में पहुंचकर पूजा अर्चना करने के उपरांत पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष के आवास स्थल पर पहुंचने के बाद वहां महिलाओं एवं बच्चों से लेकर वृद्ध तक उनका भव्य स्वागत किया. बच्चों ने हाथ में तख्ती लेकर लिखे गए स्लोगन प्रशांत किशोर को दिखाते हुए कहा कि बिहार के बदहाल व्यवस्था से उबरने के लिए प्रशांत किशोर जी बिहार के लोगों के साथ दे,बिहार में सत्ता के साथ व्यवस्था परिवर्तन करने में आप सहयोग करे. हम सभी की यही पुकार अबकी बने जन सुराज का राज, सोनपुर का विधायक कैसा हो चंदन लाल मेहता जैसा हो. प्रशांत किशोर सोनपुर की पावर भूमि से मढ़ौरा जनसभा को संबोधित करने के लिए प्रस्थान कर गए।

## अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी के पक्ष में एकजुटता का लिया निर्णय



**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** प्रखण्ड के दुमदुमा विवाह भवन में बुधवार को आयोजित बैठक में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी रणधीर सिंह के पक्ष में एकजुट होकर उनके समर्थन में मतदान करने का निर्णय लिया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जदयू प्रत्यासी रणधीर सिंह ने समुदाय विशेष के लोगों के साथ आजीवन मित्रता निभाने का वादा किया। प्रखण्ड जदयू अध्यक्ष अख्तर अली की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को पार्टी के जिला प्रभारी रणविजय सिंह,डॉ मुन्ना,अनु खान,हसनुद्दीन खान,रहीम खान,मुस्तफा खान,अख्तर खान,किताबुद्दीन,मुस्लिम अंसारी,इमरान खान,मो अली कादरी तथा जिप सदस्य फूल सिंह एवम अनिल कुमार सिंह समेत कई अन्य लोगों ने सम्बोधित किया। बैठक में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

## धूमधाम से मनाया गया गोवर्धन पूजा, श्रद्धा और उत्साह के साथ श्रद्धालुओं ने की पूजा-पाठ

### श्रद्धा, समर्पण और सामाजिक एकता का सुंदर संगम बना पोखरेड़ा बगही का गोवर्धन पूजा

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के पोखरेड़ा बगही गांव स्थित बघउत बाबा स्थान परिसर में बुधवार को हर्षोल्लास और भक्ति भाव से गोवर्धन पहाड़ की पूजा संपन्न हुई। पूजा में सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ-साथ कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोगों ने भाग लिया। मुख्य यजमान के रूप में शिक्षक अनिल कुमार यादव अपनी धर्मपत्नी के साथ विधिवत पूजा-अर्चना में सम्मिलित हुए। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आचार्य अभिनव शांडिल्य व आचार्य राजेश बाबा के निर्देशन में पूजा संपन्न हुई। पूरे वातावरण में भक्ति और उल्लास का संचार हो गया। इस अवसर पर तरैया विधानसभा के राजद प्रत्याशी शैलेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक मुंद्रिका प्रसाद राय, निर्दलीय प्रत्याशी मिथिलेश यादव, इसुआपुर प्रखंड प्रमुख मितेंद्र राय, राजद के वरिष्ठ नेता चंदेश्वर राय, डॉ. वकील राय, डॉ. डी.एन. राय, पोखरेड़ा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि वीर बहादुर राय, पूर्व मुखिया ब्रजकिशोर शर्मा, पैक्स अध्यक्ष मनोज राय, पूर्व पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, अशोक यादव, सुदीश यादव, डॉ. रामप्रवेश राय, डॉ. मनोज पंडित, अर्जुन युवराज, रंजन श्रीवास्तव, नवल किशोर राय, सुरेंद्र प्रसाद यादव, मुकेश अभिनंदन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूजा के पश्चात स्थानीय गायन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भक्ति रस से सराबोर इस आयोजन में क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल हुए और गोवर्धन पूजा को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया।

## मांझी में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ डीएम-एसएसपी ने की समीक्षा बैठक

**दैनिक खोज खबर/ मांझी/ छपरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी, सारण अमन समीर तथा पुलिस अधीक्षक, सारण डॉ. कुमार आशीष द्वारा संयुक्त रूप से वुधवार 22 अप्रैल 2025 को बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर मांझी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत प्रतिनियुक्त किए गए सभी सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ प्रखंड कार्यालय मांझी के सभागार में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी से एक-एक कर उनसे सम्बद्ध मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई तथा विधि व्यवस्था संधारण के दृष्टिकोण से उनसे संबद्ध मतदान केंद्रों की भौगोलिक स्थिति के साथ-साथ सामाजिक स्थिति के संबंध में विस्तृत आसूचना प्राप्त किया गया। सभी सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को मतदान तिथि तक संबद्ध मतदान केंद्रों का लगातार भ्रमण कर अन्य आवश्यक सूचनाओं की जानकारी प्राप्त करने का निदेश दिया गया ताकि मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक संचालित कराया जा सके। मालूम हो कि सारण जिले के सभी 10 विस निर्वाचन क्षेत्रों में प्रथम चरण में छः नवंबर को मतदान हैं।



## सीवान : छपरा-उधना अनारक्षित विशेष गाड़ी का हुआ संचालन

**सीवान।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने हेतु गाड़ी संख्या 05041 छपरा-उधना अनारक्षित त्योहार विशेष गाड़ी का संचालन बुधवार को एक फेरे के लिए चलाया गया। इस संबंध में वाराणसी मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि गाड़ी संख्या 05041 छपरा-उधना अनारक्षित त्योहार विशेष गाड़ी का संचालन छपरा से 18.15 बजे प्रस्थान कर सिवान से 19.25 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशन होते हुए तीसरे दिन उधना पहुंचेगी।

## ट्रेन से लावारिस हालत में शराब बरामद

**सिवान।** लिच्छवी एक्सप्रेस ट्रेन से लावारिस हालत में एक पिठू बैग से आरपीएफ ने शराब बरामद की। बरामद शराब को जब्त कर जीआरपी को सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि बुधवार को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देशानुसार टास्क टीम भटनी व सिवान गाड़ी संख्या 14006 आनंद बिहार-सीतामढ़ी लिच्छवी एक्सप्रेस में संयुक्त रूप से अपराधिक गतिविधि निगरानी कर रहे थे। इस दौरान मैरवा-जीरादेई रेलवे स्टेशन के मध्य कोच संख्या एस टू के शौचालय के पास से लावारिस हालत में एक पिठू बैग बरामद हुआ। बैग की जांच में 33 बोतल शराब बरामद हुआ। जब्त शराब को आगे की कार्रवाई हेतु जीआरपी को सुपुर्द कर दिया गया।

## विशेष अभियान में 36 गिरफ्तार

**सिवान।** पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 36 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 24 घंटे में जिलान्तर्गत विशेष अभियान के दौरान 36 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि इस दौरान वारंट में दस, शराब के कांड में 16, हत्या के कांड में दो, आर्म्स एक्ट में दो, जुआ अधि में पांच व अन्य कांड में एक अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई, वहीं 25 लीटर देसी शराब जब्त किया गया। जबकि 56 वारंट व सात कुर्की का निष्पादन किया गया, जबकि एक लाख 48 हजार रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई। बताया कि अभियान के दौरान दो कट्टा, तीन गोली, दो दो पहिया वाहन, पांच मोबाइल, तास एवं नगद राशि चार हजार रुपया बरामद हुआ। एसपी ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर काल करें।

## ट्रैक्टर से घायल बच्चे की मौत

**सिवान।** ट्रैक्टर से घायल बच्चे की बुधवार की संध्या सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक यूपी के कुशीनगर जिला के गढ़ईया चिंता नगर निवासी प्रिंस बताया जाता है। घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि प्रिंस अपने मित्रों के साथ खेलने के लिए गया था। तभी वह खेत की जुताई कर रही ट्रैक्टर पर सवार हो गया। ट्रैक्टर से अचानक हल पर गिर गया। जहां वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्वजनों ने आनन फानन में तमकुही में इलाज करवाया। हालांकि चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सिवान शहर के एक चिकित्सक के पास रेफर कर दिया। लेकिन स्थित गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने भी सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां किशोर की मौत हो गई। इधर मौत के बाद स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

## मारपीट मामले में चार के विरुद्ध प्राथमिकी

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बालबंगरा में मारपीट मामले में चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। इस मामले में बालबंगरा निवासी लाखपती देवी के बयान पर हीरा यादव, दिनेश यादव, संदीप यादव, गोविंद यादव पर लाठी डंडे एवं चाकू से मारने का मामला दर्ज कराया गया है।

## डूबने से युवक की मौत मामले में यूडी

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के फतेहपुर में 19 अक्टूबर की शाम तालाब में डूबने से हुई एक युवक लड़का आशीष कुमार (16) की मौत हो गई थी। इस मामले में आशीष के पिता उदय नारायण शर्मा ने थाना में आवेदन देकर यूडी कराई है। आवेदन में कहा है कि 19 अक्टूबर की शाम मेरा लड़का आशीष कुमार घर से कह कर गया कि तालाब में स्नान करने जा रहा है। इस दौरान गहरे पानी में जाने के दौरान डूबने से उसकी मौत हो गई।

## शांति समिति की बैठक में छठ व्रतियों की सुविधाओं पर चर्चा

**सिवान।** बसंतपुर थाना परिसर में बुधवार को महापर्व छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह व सीओ अजमत अली अंसारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं से छठ घाटों की स्थिति पर चर्चा की। अधिकारियों ने घाट की सफाई, पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था, सुरक्षा के साधनों आदि पर भी विशेष चर्चा की। थानाध्यक्ष ने कहा कि प्रशासन महापर्व के दौरान पूरे क्षेत्र में सक्रिय रहेगी। खतरनाक घाटों के आसपास पुलिस टीम भी तैनात किया गया है। बैठक में उप मुख्य पार्षद अरुण कुमार सिंह, राजस्व अधिकारी उमेश प्रसाद, सरपंच संतोष सिंह, संजीव सिंह, चंदन कुमार, प्रो. रामपारस राय आदि मौजूद थे।

## छठ को लेकर वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त ने किया निरीक्षण

**सिवान।** जंक्शन पर छठ महापर्व के मद्देनजर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए आरपीएफ व जीआरपी पूरी तरह से अलर्ट है। बुधवार को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी एस रामकृषणन द्वारा छठ पर्व के मद्देनज़र भीड़ प्रबंधन हेतु जंक्शन का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सभी जगहों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। यात्रियों को जागरूक भी किया जा रहा है। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि जंक्शन पर छठ महापर्व के मद्देनजर बाहर से आने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए यात्रियों को सुरक्षित एवं सही तरीके से गाड़ी से चढ़ने एवं उतारने को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी एस रामकृषणन द्वारा जंक्शन का निरीक्षण किया गया। वहीं सीसी कैमरा की भी जांच किया गया।बताया कि उद्घोषणा के माध्यम से एवं आन ड्यूटी बल सदस्यों द्वारा लाउडस्पीकर के माध्यम से समय-समय पर गाड़ियों के आगमन एवं प्रस्थान तथा उनके कोच का पोजीशन डिस्प्ले द्वारा दिखाया जा रहा है। इसकी सूचना उद्घोषणा के माध्यम से भी कराई जा रही है। यात्रियों की सुरक्षा एवं उनके सुरक्षित यात्रा के दृष्टिकोण से ट्रेनों के आने-जाने के बारे में जानकारी प्रदान करने तथा उनके किसी भी समस्या का समाधान के लिए प्लेटफार्म संख्या एक व दो पर हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है।

# भगवानपुर हाट : अपहृत युवक के पांच दिन बाद भी बरामद नहीं होने से नाराज स्वजनों ने किया सड़क जाम

**परवेज अख्तर/सीवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के सोंधानी निवासी वीरेंद्र प्रसाद के पुत्र विकेश कुमार (25) का अपहरण 18 अक्टूबर को गया था। इस मामले में अपहृत के पिता ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही सोना प्रसाद, अंशु कुमार एवं प्रिंस कुमार के विरुद्ध अपहरण की प्राथमिकी कराई है। घटना के पांच दिन होने पर आरोपितों की गिरफ्तारी तथा अपहृत युवक की बरामदगी नहीं होने से स्वजन एवं ग्रामीण आक्रोशित हो गए तथा बुधवार को भगवानपुर हाट पहुंच एनएच 331 को जाम कर दिया। स्वजनों का कहना था कि इतने दिन भी विकेश कुमार को पुलिस बरामद नहीं कर सकी और ना इस मामले में आरोपितों को ही गिरफ्तार कर सकी है। स्वजन विकेश कुमार के साथ अनहोनी की आशंका जता रहे थे।सड़क जाम करने वालों में पुरुषों के साथ काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल थे। सभी एनएच 331 पर बैठक सड़क जाम कर दिए जिससे महम्मदपुर-छपरा मुख्य पथ पर आवागमन बाधित हो गया। सड़क जाम सुबह छह बजे से करीब 11 बजे तक रहा। ग्रामीण पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारे लगा रहे थे तथा वरीय पदाधिकारी के बुलाने की मांग कर रहे थे। अपहृत युवक की बहन सीता देवी, सुनीता देवी, अमिता कुमारी एवं पिता वीरेंद्र प्रसाद का आरोप था कि अपहरण का दो आरोपित घर पर रह रहे हैं और खुलेआम घूम रहे हैं, लेकिन पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रही। उन्होंने अपहृत विकेश की हत्या कर देने की आशंका जाहिर की। सड़क जाम की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार आइटीबीपी के जवानों के साथ जाम स्थल पर पहुंच आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन स्वजन कुछ सुनने को तैयार नहीं थे। आवश्यक सेवा तत्काल बहाल कराई एवं कई बार प्रदर्शनकारियों को मनाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके थानाध्यक्ष ने जाम की सूचना वरीय पदाधिकारी को दी। सूचना पर एसडीओ अनीता सिन्हा, एसडीपीओ अमन स्थल पर पहुंच कर प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर तथा कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम हटाया।पांच घंटे तक सड़क जाम से लोग रहे हलकान छठ पूजा में प्रदेश से घर लौट रहे परदेसियों समेत स्थानीय लोगों को सड़क जाम से परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क जाम सुबह छह बजे से 11 बजे तक रहा। इस दौरान जाम स्थल के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम में बस, ट्रक, स्कार्पियो, बोलेरो आदि वाहन घंटों फंसे रहे। सड़क जाम में फंसने से छोटे-छोटे बच्चे, महिलाएं काफी हलकान दिखे। जाम स्थल के दोनों तरह करीब दो किलोमीटर वाहनों की लंबी कतार देखी गई। वहीं दूसरी ओर सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे लोगों के समर्थन एवं देखने के लिए जुटी भीड़ को हटाने एवं व्यवस्था लागू करने का मोर्चा आइटीबीपी के जवानों ने संभाल रखी थी। अपहरण मामले में एक हिरासत में, दो की गिरफ्तारी के लिए की जा रही छापेमारीथानाध्यक्ष ने बताया कि युवक के अपहरण के मामले में अपहृत के पिता के बयान पर तीन लोगों को आरोपित किया गया है। इसमें सोना प्रसाद, अंशु कुमार एवं प्रिंस कुमार शामिल हैं। पुलिस सोना प्रसाद को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। शेष दो अन्य आरोपित पुलिस के गिरफ्त से दूर हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

## बस चालक के लापरवाही से तेजपुरवा गांव में बिजली पोल क्षतिग्रस्त

**दैनिक खोज खबर/ मढ़ौरा (सारण)।** स्थानीय प्रखंड के तेजपुरवा गांव में मस्जिद के पास बस चालक के लापरवाही से बिजली पोल क्षतिग्रस्त हो गया। इसको लेकर ग्रामीणों ने बस को रोक विभागीय कर्मियों को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने पहुंच नुकशान का जायजा लिया और अग्रेतर कार्रवाई में जुट गए। बताया जा रहा है कि बुधवार को एक बड़ी बस तेजपुरवा गांव होकर संकीर्ण रास्ते होकर जा रही थी, जहां पर बिजली के तार यत्र तत्र लटके हुए थे। बस चालक ने इसको नजरंदाज कर आगे बढ़ते चला गया और बिजली के तार



बस की बॉडी से टकराने लगा और कई बिजली का पोल टूटकर गिर गए। जिसके बाद ग्रामीणों ने बस को रोक विभागीय अधिकारियों को सूचना देकर बुलाया।

## सीवान : छठ को लेकर रेलवे अलर्ट, चलाई जा रही कई पूजा विशेष ट्रेन

**परवेज अख्तर/सीवान।** भारतीय रेलवे के साथ-साथ पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पूजा विशेष ट्रेनों के माध्यम से छठ त्योहारों में यात्रियों की यात्रा सुगम बना रहा है। इस संबंध में वाराणसी मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि यात्रियों की बढ़ती संख्या के अनुरूप रिकार्ड संख्या में विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इन ट्रेनों के संचालन से मार्गवर्ती स्टेशनों के यात्रियों को जाने-आने में काफी सुविधा हो रही है। इसी क्रम में छठ पर्व पर रेल यात्रियों की सुविधा हेतु बुधवार को गोरखपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 03132 गोरखपुर-सियालदह विशेष गाड़ी बुधवार को गोरखपुर से 13ः00 बजे वाया देवरिया सदर, सिवान एवं छपरा चलाई गई। प्रत्येक बुधवार को मऊ से चलने वाली गाड़ी संख्या 05064 मऊ-कोलकाता विशेष गाड़ी बुधवार को मऊ से 13ः30 बजे वाया बेल्थरा रोड, भटनी, भाटपाररानी, मैरवा चलाई गई। बताया कि प्रत्येक बुधवार को डिब्रूगढ से चलने वाली गाड़ी संख्या 05978 डिब्रूगढ-गोरखपुर विशेष गाड़ी डिब्रूगढ से 09ः10 बजे वाया छपरा, सिवान, देवरिया सदर चलाई गई। बताया कि बनारस, सिवान, मऊ, बलिया एवं छपरा जंक्शन के साथ-साथ वाराणसी कंट्रोल रूम किसी भी आपात स्थिति को संभालने के लिए अधिकारियों एवं वरिष्ठ पर्यवेक्षकों द्वारा छठ पर्व के दौरान आने-जाने वाले यात्रियों की पूर्ण निगरानी करने के साथ ही उनके द्वारा स्टेशन की सभी गतिविधियों की सघन मानिटरिंग की जा रही है।

संरक्षा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने, पहले से प्लेटफार्म निर्धारित रखने, एटीवीएम/एमयूटीएस का उपयोग बढ़ाने, फुट ओवर ब्रिजों व एक स्थान पर भीड़ एकत्रित होने से रोकने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। पर्याप्त संख्या में रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को लगाया गया है।

## हसनपुरा : सागर संग मिलकर बाबू खान ने पीट पीट कर की थी निजामुद्दीन खान की हत्या,दोनों भेजे गए जेल

**परवेज अख्तर/सीवान।** एमएच नगर थाना के लहेजी में 18 अक्टूबर को हुई वृद्ध हत्या मामले में मृतक के पुत्र इमरान खान के आवेदन पर थाना में प्राथमिकी की गई है। इसमें दो लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर ली है। आवेदन में इमरान खान ने आरोप लगाया है कि मेरे घर से करीब 100 मीटर दूर स्थित फार्म हाउस में बने कमरे में एक मजदूर पश्चिम बंगला निवासी सागर गाय, मुर्गी, बकरी की देखभाल करता था। 18 नवंबर को मेरे पिता निजामुद्दीन खान नमाज पढ़ने के बाद वहीं सोने चले गए। 19 नवंबर को जब मेरे पिता दोपहर 12 बजे दोपहर तक घर पर खाना खाने नहीं आए तो हम लोग उनको खोजते हुए पहुंचे तो देखा गया कि उनका कमरा बाहर से बंद पाया। जब दरवाजा खोला गया तो उनका सर फटा हुआ था। लोहे के पाइप से पीट-पीट कर उनकी हत्या कर दी गई थी। 20 अक्टूबर को कफन दफन करने के बाद मुझे पता चला कि मेरे बथान की देखरेख कर रहे पश्चिम बंगाल निवासी सागर (25) तथा गांव के ही अरमान खान उर्फ बाबू खान दोनों मिलकर मेरे पिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी है। सागर और अरमान के बीच दोस्ती थी। कुछ दिन पहले सागर और अरमान द्वारा ही पिता से रुपये को लेकर विवाद हुआ था। मेरे पिता को पेंशन के रूप में प्रति माह 45 हजार रुपया मिलता है। उसी रुपये की लालच से सागर व अरमान खान उर्फ बाबू खान द्वारा मेरे पिता की हत्या कर दी गई है। दोनों लोगों के अलावा अज्ञात लोग भी इसमें शामिल हैं। वहीं थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा ने बताया कि प्राथमिकी कर ली है और दोनों नामजद को अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया है। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है।

## विद्युत शाट सर्किट से झोपड़ी में लगी आग

मैरवा(सिवान)। थाना क्षेत्र के विजयीपुर के समीप बुधवार को एक आवासीय झोपड़ी में आग लगने से झोपड़ी समेत उसमें रखे करीब 20 हजार रुपये नकद समेत सभी सामान जलकर राख हो गए। इस दौरान अफरातफरी मच गई। पीड़ित परिवार का कहना है कि आग विद्युत शाट सर्किट से लगी। विजयीपुर निवासी राकेश राम की पत्नी देवंती देवी ने बताया कि जिस समय आग लगी घर में कोई नहीं था। वह भी घर के बाहर किसी काम में व्यस्त थी। तभी झोपड़ी में धुआं उठता देख लोगों ने शोर मचाया। देखते ही देखते झोपड़ी में आग फैल गई और उसमें रखे 20 हजार रुपये, आभूषण, कपड़े, अनाज, बिस्तर, पलंग, साइकिल समेत सारा सामान जल गए। हालांकि ग्रामीणों ने आग बुझाने की पूरी कोशिश की। विद्युत विभाग को भी फोन किया गया। उन्होंने बताया कि करीब तीन लाख की क्षति का अनुमान है।

## चोरी की बाइक व हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के रामनगर के पास वाहन जांच के दौरान बुधवार को पुलिस ने चोरी की बाइक लेकर घूम रहे एक बदमाश को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के धनखड़ निवासी वसीम खान है। उसके पास से पुलिस ने एक कट्टा, दो गोली व एक बाइक को बरामद किया। मामले में नगर थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति चोरी की बाइक से रेनुआ की तरफ से आंदर ढाला के तरफ अवैध हथियार के साथ आ रहा है, टीम गठित कर कार्रवाई की गई। जहां रामनगर के पास सघन वाहन चेकिंग प्रारंभ किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार व्यक्ति पुलिस चेकिंग को देखकर गाड़ी घुमा कर भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान एक कट्टा, एक बाइक व दो गोली बरामद की गई। गिरफ्तार वसीम खान से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। इसका आपराधिक इतिहास भी है।

## तालाब में डूबने से किशोर की मौत

**महाराजगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बंगरा गांव में बुधवार की सुबह तालाब में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान बंगरा निवासी दिलीप प्रसाद के पुत्र सुजल कुमार (17) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया।बताया जाता है कि सुजल कुमार दीपावली पूजन के बाद अपने एक दोस्त के साथ भगवान गणेश और लक्ष्मी जी प्रतिमा को तालाब में प्रवाहित करने के लिए गया था। इसी दौरान दोनों दोस्त गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। ग्रामीणों के सहयोग से दोनों को बाहर निकाला गया। ग्रामीणों ने आनन फानन में दोनों को महाराजगंज अनुमंडलीय अस्पताल लाए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने सुजल कुमार को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे।

## गुठनी -अपराध की योजना बनाते कट्टा व चोरी की बाइक के साथ बदमाश गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** गुठनी थाना क्षेत्र के भुलौली तीन मुहानी के समीप मंगलवार की देर रात पुलिस ने अपराध की योजना बनाते एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान भुलौली निवासी अनिल गोड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश की तलाशी ली तो उसके पास से एक कट्टा, एक गोली, एक चाकू और चोरी की बाइक बरामद हुई। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि देर रात गश्त के दौरान संदेह के आधार पर उक्त बदमाश को रोककर तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध हथियार और गोली मिले। पूछताछ में बदमाश ने अपने अपराध में संलिप्त होने की बात स्वीकार की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अनिल गोड़ के खिलाफ उत्पाद अधिनियम सहित आधा दर्जन मामले पहले से दर्ज हैं। पूछताछ के बाद आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि थाना क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के खिलाफ सघन अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

## पटाका फोड़ने को लेकर मारपीट, प्राथमिकी

सिवान। गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के लिलारू कौरेगाबाद गांव में सोमवार को दीपावली के अवसर पर पटाका बजाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई,इसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल राजकिशोर शर्मा,गणेश शर्मा,योगेन्द्र साह व वृजकिशोर साह का इलाज सरकारी अस्पताल में चल रहा है। इस मामले एक पक्ष के राजकिशोर शर्मा ने प्राथमिकी करा कर बृजकिशोर साह,योगेंद्र साह,अच्छेलाल साह,, व दिपक साह को आरोपित किया है जबकि दूसरे पक्ष के द्वारा कराई गई प्राथमिकी में अमरजीत शर्मा,राजकिशोर शर्मा,गणेश शर्मा व सचिन शर्मा को आरोपित किया । थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया है।

## नरहन में सरयू नदी तट पर अर्द्धसैनिक बलों ने चलाया वाहन जांच अभियान

**रघुनाथपुर (सिवान)।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। इसी क्रम में रघुनाथपुर प्रखंड के नरहन गांव स्थित सरयू नदी के तट पर बने चेकपोस्ट पर अर्द्धसैनिक बलों व स्थानीय पुलिस बल ने संयुक्त रूप से वाहन जांच अभियान चलाया। थाना प्रभारी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि यह चेकपोस्ट यूपी-बिहार के दियारा इलाके की सीमा पर स्थित है। सरयू नदी पार कर लोगों का निरंतर आवागमन होता है, जिससे सुरक्षा दृष्टि से यह क्षेत्र संवेदनशील माना गया है। उन्होंने कहा कि संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर विशेष नजर रखी जा रही है। रघुनाथपुर-आंदर व सिसवन मुख्य सड़कों सहित ग्रामीण मार्गों पर भी पुलिस द्वारा वाहनों की सघन जांच की जा रही है। चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए चौकसी बढ़ा दी गई है।

